>

Title: Need to conduct a high-level inquiry into the alleged incident of police brutality in Rewa district of Madhya Pradesh.

श्री देवराज सिंह पटेल (रीवा): सभापति जी, मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा, मध्यम प्रदेश में गत दिवस, सायपुर थाना प्रभारी, ...*

MR. CHAIRMAN : The names will be deleted from the record.

श्री देवराज सिंह पटेल : जो रीवा की जनता को वर्दी का रौब जमा कर डराने, धमकाने और सताने के लिए माहिर हैं। इन्होंने गौरीबरिया के ... * हफ्ता न देने के कारण गोली मार दी।

MR. CHAIRMAN : Names will not go on record. Please don't mention any name.

श्री देवराज सिंह पटेल : गोली मारने के बाद इन्हें अस्पताल में ले जाया गया और अस्पताल का प्रशासन भी एक सप्ताह तक इनके शरीर के अंदर जो गोली लगी थी, उस गोली को निकाला नहीं गया। मैं उनको अस्पताल में देखने के लिए गया था। मैंने देखा कि वे दोनों पीड़ित व्यक्ति कराह रहे थे। जब मैं पहुंचा तब तो अस्पताल प्रशासन ने उनको इंजैक्शन वगैरह दिया। वहां से मेरे वापस आने के बाद उनका किसी भी तरह का उपचार नहीं हुआ। वे एक सप्ताह तक कराहते रहे। उसके बाद उनको जेल के अंदर ठूंसा गया।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूँ कि क्या थाना प्रभारी के पास इनकी गिरफ्तारी का न्यायालय द्वारा सर्च वारंट था या नहीं था। दूसरा, किसी सक्षम अधिकारी द्वारा गोली चलाने का इन्हें अधिकार था या नहीं था। मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूँ कि इन्हें न्याय दिलाया जाए।

MR. CHAIRMAN : It is a State subject. Shri Arjun Meghwal. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦**

MR. CHAIRMAN: It is a State subject.